GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)

No. ERB-I/2016/3/2 **New Delhi, dated 03 .04.2017**

CIRCULAR

Sub: Filling up the ex-cadre Group 'B' Gazetted post of Assistant Traffic Manager (Emergency Control)/Railway Board in Pay Band 2 Grade ₹ 9300-34800/- plus Grade Pay ₹ 4800/- (pre-revised) on deputation basis.

****

It is proposed to fill up the post of Assistant Traffic Manager (Emergency Control)/Railway Board in Pay Band 2 Grade ₹ 9300-34800/- plus Grade Pay ₹ 4800/- (pre-revised) on deputation basis for a period of one year. Officers of Railways possessing the following service conditions and educational qualifications are eligible for being considered for appointment to the post:

(a)	(i)	Holding analogous posts / equivalent posts on regular basis; or
		With 5 years' regular service in Pay Band-2 ₹ 9300-34800 plus Grade Pay ₹ 4200 (pre-revised); and
(b)	Possessing the following educational qualifications and experience:	
	(i)	Should be a Graduate.
	(ii)	10 years working experience in traffic department, full knowledge of computer, traffic movement, yard arrangement.
	(iii)	Knowledge of Indian Railway Network.
	(iv)	Should have worked in Control office of Division / Zone as ATM/CHC/Dy.CHC.

Note: Period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held preceding this appointment in the same or some other Organisation or Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications.

2. The crucial date for determining the educational qualification/other eligibility conditions shall be the closing date for receipt of applications from the candidates. It may be brought to the notice of the candidates applying for the post that they shall not be allowed to withdraw their candidature subsequently under any circumstances.

Contd.../-

2. The names of such officers, who are eligible in terms of the above specified conditions and are desirous of being considered for the post of Assistant Traffic Manager (Emergency Control)/Railway Board, **may please be forwarded, <u>in the prescribed proforma enclosed at Annexure-A, alongwith their Confidential Reports (APARs) or certified copies of Confidential Reports for the last 5 years including the latest, D&AR/SPE/Vigilance clearance reports, Integrity Certificate, etc., so as to reach the undersigned by 22.05.2016 in Room No. 536-A, Rail Bhavan, Raisina Road, New Delhi-110001.</u>**

22.04.2016

(Shekhar Kashyap)
Under Secretary (Estt)III
Railway Board

DA: One proforma

Copy to:

1. The General Managers, all Indian Railways, including ICF, RCF. CLW, DLW, RWF, CORE.
2. The Director General, RDSO, Lucknow.
3. The Chief Personnel Officers, All Indian Railways
4. The Chief Administrative Officers (MTP), New Delhi, Mumbai and Chennai.
5. CAO/COFMOW, Tilak Bridge, New Delhi.
6. CAOs/Diesel Loco Modernisation Workshop, Patiala and DLW/Varanasi.
7. Director General, National Academy of Indian Railways, Vadodara.
8. The Director, IRIEEN, Nasik Road, Nasik.
9. The Director, IRIMEE, Jamalpur.
10. The Director, IRISET, Secunderabad.
11. The Director, IRICEN, Pune.
12. Railway Rates Tribunal, 3, Dr. P.V. Cherian Crescent Road, Chennai- 15.
13. Railway Claims Tribunals, Ahmedabad, Bangalore, Bhopal, Bhubaneswar, Delhi, Ernakulam, Ghaziabad, Gorakhpur, Guwahati, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Nagpur, Patna and Secunderabad.
14. Adv/TT(M), JS, JS(G), Dir.(Admn), Dir.(GA), Dir/TT(G), Railway Board.
15. 'G' Branch, Railway Board (with 5 spares for placing on the Notice Board).
16. RBCC (for uploading the same at http://www.indianrailways.gov.in/ - for IR Personnel - Vacancy Circular - VC for RB Posting - Ex Cadre Post).
17. E(O)I, II, III, ERB-II, E(GP) and Library Branches of Railway Board.

****

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

सं. ईआरबी- I/2016/3/2 **नई दिल्ली, दिनांक 03.04.2017**

परिपत्र

विषय: पे बैंड 2 ग्रेड ₹9300-34800/- जमा ग्रेड पे ₹4800/- (संशोधनपूर्व) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक यातायात प्रबंधक (आपात नियंत्रण)/रेलवे बोर्ड के संवर्ग बाह्य ग्रुप 'बी' पद को भरना।

*****

पे बैंड 2 ग्रेड ₹9300-34800/- जमा ग्रेड पे ₹4800/- (संशोधनपूर्व) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक यातायात प्रबंधक (आपात नियंत्रण)/रेलवे बोर्ड के पद को एक वर्ष के लिए भरने का प्रस्ताव है। रेलवे के वे अधिकारी जो निम्नलिखित सेवा शर्तों को पूरा करते हैं और जिनके पास निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं हैं, वे इस पद पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र हैं:

(क)	(i)	नियमित आधार पर सदृश पद/समकक्ष पद पर हों, या
		पे बैण्ड-2 ₹9300-34800 जमा ग्रेड पे ₹4200 (संशोधनपूर्व) में 5 वर्ष की नियमित सेवा हो; और
(ख)	जिनके पास निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव हों:	
	(i)	स्नातक होना चाहिए।
	(ii)	यातायात विभाग में 10 वर्ष के कार्य का अनुभव, कम्प्यूटर, यातायात संचलन, यार्ड व्यवस्था का पूरा ज्ञान हो।
	(iii)	भारतीय रेलवे के नेटवर्क का ज्ञान हो।
	(iv)	मंडल/ज़ोन के नियंत्रण कार्यालय में एटीएम/सीएचसी/डिप्टी सीएचसी के रूप में कार्य किया होना चाहिए।

नोट: *केन्द्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से पूर्व धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।*

2. शैक्षणिक योग्यता/पात्रता की अन्य शर्तें निर्धारित करने की अंतिम तारीख उम्मीदवारों से आवेदनपत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के ध्यान में यह तथ्य लाया जाए कि उन्हें बाद में किसी भी परिस्थिति में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. ऐसे अधिकारियों, जो उपर्युक्त विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुसार पात्र हैं तथा रेलवे बोर्ड में सहायक यातायात प्रबंधक (आपात नियंत्रण) के पद के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं, के नाम **कृपया अनुलग्नक-क पर संलग्न निर्धारित प्रोफार्मा में उनकी पिछले 5 वर्ष की गोपनीय रिपोर्टों (एपीएआर) या गोपनीय रिपोर्टों की सत्यापित प्रतियां, अद्यतन डी एण्ड एआर/एसपीई/सतर्कता क्लीयरेंस रिपोर्ट, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र आदि के साथ अग्रेषित की जाएं ताकि वे 22-05-2017 तक अधोहस्ताक्षरी के पास कमरा नं. 536-ए, रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली -110 001 में पहुंच जाएं।**

(शेखर कश्यप)
अवर सचिव (स्थापना)III
रेलवे बोर्ड

संलग्नक: एक प्रोफार्मा

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. महाप्रबंधक, सभी भारतीय रेलें एवं सडिका, रेडिका, चिरेका, डीरेका, आरडब्ल्यूएफ, कोर
2. महानिदेशक, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ
3. मुख्य कार्मिक अधिकारी, सभी भारतीय रेलें.
4. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (एमटीपी), नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नै.
5. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कॉफमो, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली.
6. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/डीजल इंजन आधुनिकी कारखाना, पटियाला और डीरेका/वाराणसी.
7. महानिदेशक, भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी, वडोदरा.
8. निदेशक आईआरआईईईएन, नासिक रोड, नासिक.
9. निदेशक, इरिमी, जमालपुर.
10. निदेशक, इरिसेट, सिकंदराबाद.
11. निदेशक, इरिसेन, पुणे.
12. रेल दर अधिकरण, 3, डॉ. पी.वी. चेरियन क्रिसेंट रोड, चेन्नै-15.
13. रेल दावा अधिकरण, अहमदाबाद, बेंगलोर, भोपाल, भुवनेश्वर, दिल्ली, एर्णाकुलम, गाजियाबाद, गोरखपुर, गुवाहाटी, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर, पटना और सिकंदराबाद.
14. सलाहकार/टीटी(एम), संयुक्त सचिव, संयुक्त सचिव (जी), निदेशक(प्रशासन), निदेशक(जीए), निदेशक/टीटी(जी), रेलवे बोर्ड.
15. 'सामान्य' शाखा, रेलवे बोर्ड (नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिए 5 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
16. आरबीसीसी (http://www.indianrailways.gov.in/ - for IR Personnel – Vacancy Circular – VC for RB Posting – Ex Cadre Post) पर अपलोड करने के लिए.
17. रेलवे बोर्ड की ई(ओ)I, ई(ओ)II, III, ईआरबी-II, ई(जीपी), पुस्तकालय शाखाएं।

******

ANNEXURE-A

BIO-DATA (PROFORMA)

(To be furnished in duplicate)

Application for the post of _____

1. Name and Address in Block letters
2. Date of Birth (In Christian Era)
3. Educational Qualifications:
4. Whether educational and other qualifications required for the post are satisfied (if any qualification has been treated as equivalent to the one prescribed in the rules, state the authority for the same).

	Qualifications/ Experience required	Qualifications/ Experience possessed By the officer
Essential	i)	
	ii)	

5. Please state clearly whether in the light of entries made by you, you meet the requirements of the post.
6. Details of employment, in chronological order. Enclose a separate sheet duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient

Office/Instt/ Orgn	Post held	From	To	Scale of Pay	Nature of duties

7. Name of present post held

8. Nature of present post held –
Whether ad-hoc, temporary or permanent.

9. Post holding on regular basis, Scale of pay therein and date from which it is being held on regular basis

10. In case the present employment is held on deputation basis please state:

a) The date of initial appointment

b) Period of appointment on deputation

c) Name of the parent office/organization to which you belong.

11. Are you in Revised scale of pay?
If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale.

12. Additional Information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post. Enclose a separate sheet, if the space is insufficient.

13. Whether you belong to SC/ST

14. Remarks, if any.

Date: Signature of the candidate

Address:
Ph-

Certificate to be recorded by the employer while forwarding the application:-

1) Certified that the particulars of the officer has been verified and found to be correct. The date of his empanelment in the present substantive grade of _____ is _____.

2) It is also certified that he is clear from vigilance angle and no disciplinary proceedings are either pending or/and contemplated against Shri _____. Integrity of the officer is beyond doubt. The up-to-date CR dossiers in respect of Shri _____ are enclosed herewith. A certificate regarding major/minor penalties imposed on the candidate, during the last 10 years, and cadre clearance is also enclosed.

Signature of Head of the Dept.
(with office seal / stamp)

Date:

अनुलग्नक-'क'

_____ पद के लिए आवेदन

1. नाम एवं पता (स्पष्ट अक्षरों में)----------
2. जन्म की तारीख(ई. सन में)----------
3. शैक्षिक अर्हता----------
4. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं पूरी हैं: (यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष समझी गई है तो, उसका उल्लेख करें जिसने उसे प्राधिकृत किया है)

	अपेक्षित अर्हताएं/ अनुभव	अधिकारी की अर्हताएं/अनुभव
अनिवार्य	i)	
	ii)	

5. कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के अनुसार क्या आप इस पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं.

6. नियुक्ति के ब्यौरे, तारीखवार दिए जाएं. यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत् प्रमाणित एक अलग पृष्ठ संलग्न करें.

कार्यालय/संस्थान/संगठन	धारित पद	से	तक	वेतनमान	ड्यूटी का स्वरूप

7. वर्तमान धारित पद का नाम

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप
क्या तदर्थ,अस्थायी अथवा स्थायी है.

9. नियमित आधार पर धारित पद , उनके वेतनमान और तारीख जब से नियमित आधार पर उसे धारण किया जा रहा है :

10. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर है, तो कृपया बताएं:
(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख:
(ख) प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति की अवधि:
(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं:

11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ?
यदि हाँ, तो उस तारीख का उल्लेख करें जब से संशोधित वेतनमान लागू हुआ तथा संशोधन-पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें.

12. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता की पुष्टि में उल्लेख करना चाहेंगे.
यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग पृष्ठ संलग्न करें.

13. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं ?

14. अभ्युक्तियां, यदि कोई हो

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

स्थान
दिनांक:

पता :
फोन -

आवेदन-पत्र अग्रेषित करते समय नियोक्ता द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरण सत्यापित कर लिए गए हैं तथा वे सही पाए गए हैं. उन्हें_____के मूल वेतन में पैनल में रखें जाने की तारीख_____ है.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री _____ के विरुद्ध सतर्कता संबंधी कोई मामला नहीं है और न ही उनके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्रवाई लंबित है अथवा विचाराधीन है. अधिकारी की सत्यनिष्ठा पर कोई संदेह नहीं है. श्री _____ की अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोज़ियर इसके साथ संलग्न है। पिछले 10 वर्षों के दौरान उम्मीदवार पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों और संवर्ग क्लीयरेंस के संबंध में एक प्रमाण-पत्र भी संलग्न है.

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर
(कार्यालय की मुहर/स्टाम्प के साथ)

दिनांक: